Avadh Collegiate Lucknow

Sarvjit Singh
(Founder Manager)
Mob. No.9984825005

प्रिय अभिभावको,

हम सभी एक कठिन दौर से गुजर रहें है, हमारे कई परिवारों में परेशानी चल रही है। मेरा अनुरोध है कि **सभी एक दूसरे के सम्पर्क में रहे बिना झिझक अपनी तकलीफ और आवश्यकतायें साझा करें,** यह वक्त भी गुजर जायेगा। दवा से ज्यादा हौसले की जरूरत है, हमसब एक परिवार है, अवध परिवार एक दूसरे से बातचीत करें मन हल्का होगा हम सभी इस परीक्षा में साथ है।

स्नेह का धागा और संवाद की सुई,
उघडते रिश्तो को तुरपाई कर देती है।

अभिभावकों आज के इस कठिन दौर में बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे है और उनपर ध्यान देना ज्यादा आवश्यक है एक तो ऐसी परिस्थितियां कि घर में कैद, ऊपर से सही तरीके से शिक्षा न मिल पाना और घर का तनावपूर्ण वातावरण और प्रतिदिन कष्ट पूर्ण खबरों का अम्बार इन सबके बीच बच्चों का सर्वांगिण विकास काफी चुनौती पूर्ण कार्य है, आवश्यकता है अभिभावकों के विवेक एवं धैर्य की घर की समस्याओं के बीच अपने बच्चे के हित व अहित के बीच सही निर्णय की, ऐसा तभी संभव है जब माँ-बाप बैठकर शांति से निर्णय लेगें।

अभिभावकों आपको ज्ञात है और मैं **प्रबन्धक सर्वजीत सिंह** आपको व्यक्तिगत रूप से यह बताना चाहूगां कि अवध परिवार के **सभी अध्यापकों ने गत वर्ष के करोना काल में और वर्तमान में भी काफी बेहतरीन प्रदर्शन किया** है **निदेशिका जतिन्दर वालिया के कुशल निर्देशन में मुख्य प्रशासिका श्रीमती ब्रमजोत कौर, प्रधानाचार्या इन्दु चंदेल, निशा सिंह व उप-प्रधानाचार्या अनिता शर्मा** के पूर्ण सहयोग से सभी अभिभावक पूर्ण रूप से संतुष्ट है और ऑनलाइन शिक्षा की तारीफ चारो तरफ हो रही है। इसका सबसे बडा प्रमाण है अवध में Admission, अभिभावकों आपको जानकर हैरानी होगी कि इस वर्ष गत वर्ष के अपेक्षा अधिक Admission, हो रहे है और बच्चे भी ऑनलाइन अधिक से अधिक संख्या में जुड रहे है, हमारे अध्यापकों का सहयोग सराहनीय है। विशेष रूप से **शनिवार की Activity Classes** की धूम चारो तरफ है एवं अखबार वाले स्वयं इसका उल्लेख अखबारों में कर रहे है। मैं अपने अवध परिवार के सभी सदस्यों का तहेदिल से शुक्रिया अदा करता हूँ।

अभिभावकों अपने बच्चे के हित में आपको भी समझने की आवश्यकता है कि आप अवध परिवार का हौसला बनाये रखें, इतने कठिन समय में जब कि प्रत्येक अध्यापक के यहां प्रतिदिन कोई न कोई अशुभ समाचार आ रहा हो वह फिर भी ऑनलाइन कक्षाएं ले रहा हो और पूर्ण तन्यमयता से अपने कार्य पर समर्पित हो तो उसका हित सर्वोपरि है एवं आप यदि अपने बच्चे का फीस समय से जमा करेगें तो यह अवध परिवार की हौसला हफजाई होगी और आपके बच्चे को अध्यापक और अधिक लगन से शिक्षा के प्रति समर्पित रहेगा।

अंत में मैं वाहेगुरू से यही अरदास करूगां कि वह अवध परिवार के प्रत्येक सदस्य की चाहे वह अध्यापक हो या बच्चा या उनका परिवार सभी को इस करोना महामारी से रक्षा करे एवं मानव जाति को समान्य जीवन बिना भय के जीने का अवसर प्रदान करें और हम सब पुन: समाज की सेवा बेहतर तरीके से कर सकें।

धन्यवाद!

प्रबन्धक
अवध कॉलिजिएट
लखनऊ।